

RNI No.: UPHIN/25/A1698
NAVSARJAN SANSKRUTI

# नवसर्जन संस्कृति

नवसर्जन संस्कृति

लखनऊ से प्रकाशित दैनिक

वर्ष : 01
अंक : 144
दि. 23.09.2025,
मंगलवार
पाना : 04
किंमत : 00.50 पैसा

EDITOR : VINOD KUMARI Regd. Office : B/13, Sneh Plaza Shopping Centre, I.O.C. Road, Chandkheda, Ahmedabad-382 424, Gujarat, India.
Phone : 76983 33307 (M) 84859 51747, 70963 33307 ● Email : navsarjansanskruti2016@gmail.com ● Email : navsarjansanskruti2016@yahoo.com ● Website : www.navsarjansanskruti.com

## पीएम ने ईटानगर में 5,100 करोड़ रुपये से अधिक लागत के विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास और उद्घाटन किया

**अरुणाचल प्रदेश शांति और संस्कृति का संगम है, यह भारत का गौरव है: प्रधानमंत्री**

**पूर्वोत्तर क्षेत्र राष्ट्र के विकास की प्रेरक शक्ति बन रहा है: प्रधानमंत्री**

**वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम की सफलता ने लोगों का जीवन सुगम बना दिया है: प्रधानमंत्री**

**जीएसटी अब 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत तक सरल हो गया है, जिससे अधिकांश वस्तुओं पर कर कम हो गया है: प्रधानमंत्री**

(जीएनएस)।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज अरुणाचल प्रदेश के ईटानगर में 5,100 करोड़ रुपये से अधिक लागत के विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इस

### पूर्वोत्तर भारत की अष्टलक्ष्मी है: प्रधानमंत्री

अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए, उन्होंने सर्वशक्तिमान डोनयी पोलो के प्रति






श्रद्धा व्यक्त की और सभी पर कृपा की प्रार्थना की।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हेलीपैड से मैदान तक की यात्रा, मार्ग में अनगिनत लोगों से मिलना और बच्चों व युवाओं को राष्ट्रीय ध्वज थामे देखना, इन सभी ने तथा अरुणाचल प्रदेश के गर्मजोशी भरे आतिथ्य ने मुझे गौरवान्वित कर दिया। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि अरुणाचल न केवल उगते सूरज की धरती है, बल्कि देशभक्ति की भी भूमि है। जिस तरह राष्ट्रीय ध्वज का पहला रंग केसरिया होता है, उसी तरह अरुणाचल की आत्मा भी केसरिया रंग से आरंभ होती है। श्री मोदी ने कहा कि अरुणाचल का हर व्यक्ति वीरता और सादगी का प्रतीक है। उन्होंने राज्य के प्रति अपना गहरा लगाव प्रदर्शित करते हुए कहा कि हर यात्रा उन्हें अपार प्रसन्नता देती है और लोगों के साथ बिताया हर पल यादगार होता है। उन्होंने अपने प्रति दिखाए गए प्यार और स्नेह को एक बड़ा सम्मान बताया। प्रधानमंत्री ने इस पवित्र भूमि को नमन करते हुए कहा, "तवांग मठ से लेकर नामसाई के गोल्डन पैगोडा तक, अरुणाचल प्रदेश शांति और संस्कृति के संगम का प्रतिनिधित्व करता है।" उन्होंने इस पवित्र भूमि को भारत माता का गौरव बताया।

## पशु तस्करों के हमले में मृत दीपक गुप्ता के परिजनों से सीएम मिले, मां-पिता को देखते ही जानें क्या बोले मुख्यमंत्री

गोरखपुर, (जीएनएस)।

गोरखपुर में पशु तस्करों के हमले में मारे गए दीपक गुप्ता के परिजनों से सीएम योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में मुलाकात की. उन्होंने पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी और आश्वासन दिया कि सभी आरोपियों पर सख्त कार्रवाई होगी. 19 वर्षीय दीपक की हत्या से ग्रामीणों में आक्रोश है. परिजनों ने न्याय की गुहार लगाई, जबकि पुलिस चार आरोपियों को जेल भेज चुकी है.

पशु तस्करों के साथ झड़प में मारे गए गोरखपुर के नीट छात्र दीपक गुप्ता के परिजनों से सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुलाकात की. गोरखनाथ मंदिर स्थित बैठक कक्ष में सीएम ने परिजनों को ढांढस बंधाया और आर्थिक मदद के रूप में पांच लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की. उन्होंने भरोसा दिलाया कि घटना में शामिल एक भी अपराधी बख्शा नहीं जाएगा और सभी के खिलाफ कठोर कार्रवाई होगी.

सीएम ने जताई संवेदना



मुख्यमंत्री ने दीपक के पिता दुर्गेश गुप्ता, मां और अन्य परिजनों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की. उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में सरकार परिवार के साथ खड़ी है. इस दौरान सांसद रविकिशन शुक्ल और विधायक महेंद्रपाल सिंह भी मौजूद रहे.

15/16 सितंबर की रात पिपराइच थाना क्षेत्र के महुआचाफी गांव में पशु तस्करों की तीन गाड़ियां पहुंचीं और मवेशियों को खोलने लगीं. शोर सुनकर ग्रामीण बाहर आ गए. इसी बीच नीट की तैयारी कर रहा 19 वर्षीय दीपक भी मौके पर पहुंच गया. ग्रामीणों और तस्करों के बीच पथराव हुआ, जिसमें दीपक तस्करों के कब्जे में आ गया. कुछ ही देर बाद उसका शव सरैया गांव से बरामद हुआ.

पुलिस की कार्रवाई

घटना के बाद पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जबकि एक आरोपी मुठभेड़ में घायल हुआ.

## संक्षिप्त समाचार

### प्रधानमंत्री ने जीएसटी बचत उत्सव मनाने के लिए सभी नागरिकों को पत्र लिखा

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने इस त्यौहारी सीजन में 'जीएसटी बचत उत्सव' मनाने के लिए सभी नागरिकों को एक पत्र लिखा है। श्री मोदी ने कहा, "जीएसटी की




निम्न दरें प्रत्येक परिवार के लिए अधिक बचत और व्यवसायों के लिए अधिक सुगमता का प्रतीक हैं।" प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया: "इस त्यौहारी सीजन में, आइए 'जीएसटी बचत उत्सव' मनाएं! निम्न जीएसटी दरों का अर्थ है हर घर के लिए अधिक बचत और व्यवसायों के लिए अधिक सुगमता।" "आइए, 'जीएसटी बचत उत्सव' के साथ इस सीजन में त्योहारों के लिए नई उमंग और नए जोश से भर दें!

### सुश्री वंदना गुप्ता ने महानियंत्रक संचार लेखा का पदभार संभाला



सुश्री वंदना गुप्ता ने आज शीर्ष ग्रेड में पदोन्नति के बाद नई दिल्ली में महानियंत्रक संचार लेखा का पदभार संभाल लिया।

भारतीय डाक एवं दूरसंचार लेखा एवं वित्त सेवा (आईपीएंडटीएएफएस) की 1990 बैच की अधिकारी ने महाराष्ट्र, दिल्ली, तमिलनाडु और गुजरात सर्किलों के साथ-साथ दूरसंचार विभाग मुख्यालय और डाक विभाग में प्रमुख पदों पर कार्य किया है।

केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर, उन्होंने प्रधान निदेशक, जीएएसएबी, कार्यालय सीएजी, दिल्ली, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय में संयुक्त सचिव, राष्ट्रीय महिला आयोग में संयुक्त सचिव तथा जीजीएसआईपीयू में वित्त नियंत्रक के रूप में भी महत्वपूर्ण कार्यभार संभाला है।

## केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित आईसीएआर- किसानों से संवाद किया व उन्हें कृषि उपकरण व इनपुट किट का वितरण किया

**नवरात्रि पर्व पर प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देश को जीएसटी सुधारों का उपहार दिया**

**जीएसटी सुधार का सीधा लाभ जनता और किसानों को मिलेगा- श्री शिवराज चौहान**

**जीएसटी से किसान, गरीब, मध्यम वर्ग, विद्यार्थी सारा देश प्रसन्न है- श्री चौहान**

**नए खेती उपकरण आसान और समय बचाने वाले हैं- श्री शिवराज चौहान**

**केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हमें इंटीग्रेटेड फार्मिंग की ओर बढ़ना होगा**

(जीएनएस)।

केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित आईसीएआरझ केंद्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान में





आयोजित कार्यक्रम में अपने विदिशा संसदीय क्षेत्र के बुधनी विधानसभा के किसान भाइयों-बहनों से संवाद किया और उन्हें कृषि उपकरण व इनपुट किट का वितरण किया। साथ ही केन्द्रीय मंत्री ने नवरात्रि के पावन पर्व की शुभकामनाएं देते हुए देशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। श्री चौहान ने कहा कि नवरात्रि के अवसर पर देवी मां की कृपा भी बरसेगी और केंद्र सरकार के नए जीएसटी सुधारों का उपहार भी मिला है। रोजमर्रा की जरूरत की सभी चीजें जो अत्यंत महत्वपूर्ण हैं या तो उन पर जीएसटी 0% हो गई है या दरें कम हो गई है।

जीएसटी सुधार का सीधा लाभ जनता और किसानों को मिलेगा

केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी नए जीएसटी सुधार लागू करने पर बधाई देता हूं। लागू किए गए जीएसटी सुधारों से आमजन और किसान दोनों को सीधा लाभ मिलेगा।

उन्होंने कहा कि, रोजमर्रा की जरूरत की अत्यंत आवश्यक चीजों पर अब जीएसटी शून्य प्रतिशत कर दिया गया है, जबकि खेती-बाड़ी से जुड़ी वस्तुओं पर 18 और 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है।

## रक्षा मंत्री ने मोरक्को में भारतीय समुदाय से मुलाकात की और ऑपरेशन सिंदूर में भारत के संयम और संकल्प पर प्रकाश डाला

(जीएनएस)।

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने 21 सितंबर, 2025 को रबात, मोरक्को में भारतीय समुदाय के साथ बातचीत की। भारतीय समुदाय ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सशस्त्र बलों की निर्णायक कार्रवाई की सराहना की।



रक्षा मंत्री ने दोहराया कि पहलगाम में निर्दोष भारतीयों पर हुए कायरतापूर्ण हमले का जवाब देने के लिए सशस्त्र बलों को पूरी आजादी दी गई थी। देश के दृढ़ लेकिन संयमित दृष्टिकोण का वर्णन करने के लिए रामचरितमानस का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि भारत की कार्रवाई सोची-समझी और आक्रामक नहीं थी, "हमने धर्म देख कर नहीं, कर्म देख कर मारा है।"

भारतीयों के साथ बातचीत के दौरान श्री राजनाथ सिंह ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले एक दशक में भारत की बहुआयामी प्रगति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वैश्विक और भू-राजनीतिक चुनौतियों के बावजूद, भारत दुनिया की 11वीं से चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और जल्द ही शीर्ष तीन में शामिल होने के लिए तैयार है। रक्षा मंत्री ने भारत के डिजिटल परिवर्तन, ज्ञान अर्थव्यवस्था में तेज प्रगति और एक दशक पहले 18 यूनिकॉर्न से 118 तक स्टार्टअप्स की संख्या में हुई वृद्धि का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भारत के रक्षा उद्योग ने 1.5 लाख करोड़ रुपये के उत्पादन और 100 से अधिक देशों को 23,000 करोड़ रुपये से अधिक के रक्षा निर्यात की उपलब्धि हासिल की है।

श्री राजनाथ सिंह ने भारतीय समुदाय की कड़ी मेहनत, समर्पण और ईमानदारी की प्रशंसा की, उन्होंने विश्व धर्म संसद में स्वामी विवेकानंद के शब्दों को याद करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में, चरित्र ही व्यक्ति की असली पहचान है।

भारतीय समुदाय ने मजबूत आर्थिक नींव और बढ़ती सैन्य शक्ति में निहित भारत की वैश्विक भूमिका पर गर्व व्यक्त किया।

### प्रधानमंत्री ने ईटानगर में व्यापारियों और उद्यमियों से बातचीत की

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज ईटानगर में व्यापारियों और उद्यमियों के साथ बातचीत की। श्री मोदी ने कहा



कि व्यापारियों और उद्यमियों ने जीएसटी सुधारों और जीएसटी बचत उत्सव के शुभारंभ की सराहना करते हुए बताया कि कैसे इन पहलों से मत्स्य पालन, कृषि और अन्य स्थानीय उद्यमों जैसे प्रमुख क्षेत्रों को लाभ होगा।

प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया:

"आज ईटानगर में व्यापारियों और उद्यमियों से बातचीत की। उन्होंने जीएसटी सुधारों और जीएसटी बचत उत्सव के शुभारंभ की सराहना की।

## पीएम से मुलाकात में स्थानीय व्यापारियों और खुदरा विक्रेताओं ने अपने विविध और आकर्षक उत्पादों का प्रदर्शन किया

(जीएनएस)।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज ईटानगर में स्थानीय व्यापारियों और खुदरा विक्रेताओं से मुलाकात की, जिन्होंने अपने विविध और आकर्षक उत्पादों का प्रदर्शन किया। श्री मोदी ने कहा, "उन्होंने जीएसटी सुधारों पर प्रसन्नता व्यक्त की। मैंने उन्हें 'गर्व से कहो ये स्वदेशी है' के पोस्टर भी दिए, जिन्हें उन्होंने उत्साहपूर्वक अपनी दुकानों पर लगाने की बात कही।"

प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया:

"आज जैसे ही सूर्योदय हुआ, भारत की आर्थिक यात्रा में एक नया अध्याय शुरू हुआ, जीएसटी बचत उत्सव की शुरूआत के साथ। और, अरुणाचल प्रदेश, जो भारत की उगते सूरज की खूबसूरत भूमि है, से बेहतर




जगह क्या हो सकती है।

ईटानगर में, मैं स्थानीय व्यापारियों और खुदरा विक्रेताओं से मिला, जिन्होंने सुगंधित चाय, स्वादिष्ट अचार, हल्दी, बेकरी उत्पाद, हस्तशिल्प और अनेक वस्तुओं सहित विविध प्रकार के उत्पादों का प्रदर्शन किया।

उन्होंने जीएसटी सुधारों पर प्रसन्नता व्यक्त की। मैंने उन्हें 'गर्व से कहो ये स्वदेशी है' के पोस्टर भी दिए, जिसे उन्होंने उत्साहपूर्वक अपनी दुकानों पर लगाने की बात कही।"

## प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हुए नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफॉर्म्स लोगों की बचत में वृद्धि के साथ समृद्धि एवं वैभव बढ़ाएंगे : मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल

**मुख्यमंत्री ने आद्यशक्ति की आराधना के पर्व नवरात्रि से देश में लागू हुए जीएसटी रिफॉर्म्स का स्वागत किया**

**सीएम श्री भूपेंद्र पटेल ने सभी नागरिकों को नवरात्रि पर्व की शुभकामनाएँ दीं, स्वदेशी अपनाने की अपील की**

गांधीनगर, 22 सितंबर :मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार द्वारा देश में प्रथम नवरात्रि 22 सितंबर से लागू किए गए नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफॉर्म्स को लोगों की बचत में वृद्धि करने वाला बचत उत्सव बताया है।

इस संदर्भ में श्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री ने नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफॉर्म्स में यह उदार भावना रखी है कि देश के लोगों के पैसों की बचत हो, लोग उमंगोल्लास से त्योहार मनाएँ और जीएसटी रिफॉर्म्स के लाभ से लोगों की समृद्धि व वैभव बढ़ें और



जीवन स्तर में सुधार हो।

मुख्यमंत्री ने राज्य के सभी नागरिकों को नवरात्रि पर्व की शुभकामनाएँ देते हुए यह भी कहा कि आज का समय देश की आत्मनिर्भरता एवं स्वदेशी का है। उन्होंने अपील की कि हम भारत में बनी हुई वस्तुओं का ही उपयोग करें, खरीदें और व्यापारी भी स्वदेशी वस्तुएँ ही बेचने का आग्रह रखें।

उन्होंने जोड़ा कि प्रत्येक व्यापारी जीएसटी रिफॉर्म्स का लाभ ग्राहक तक पहुँचा कर बचत उत्सव को वेग दे। इतना ही नहीं; लोग भी स्वदेशी वस्तुएँ खरीद कर आत्मनिर्भर भारत का प्रधानमंत्री का संकल्प साकार करें।

### प्रधानमंत्री ने उज्ज्वला परिवार से जुड़ने वाली सभी माताओं और बहनों को बधाई दी

(जीएनएस)।




प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने उज्ज्वला परिवार से जुड़ने वाली सभी माताओं और बहनों को बधाई दी है। श्री मोदी ने कहा, "हमारे इस कदम से न केवल उन्हें इस पावन पर्व पर नई खुशियां मिलेंगी, बल्कि महिला सशक्तिकरण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को भी और बल मिलेगा।" श्री मोदी ने केंद्रीय मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी के उत्तर में कहा: "नवरात्रि के शुभ अवसर पर उज्ज्वला परिवार से जुड़ने वाली हमारी सभी माताओं-बहनों को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं! हमारे इस कदम से ना सिर्फ इस पावन पर्व पर उन्हें नई खुशी मिलेगी, बल्कि नारी सशक्तिकरण के हमारे संकल्पों को भी और मजबूती मिलने वाली है।"



# भावनगर मंडल के 2 कर्मचारियों को महाप्रबंधक संरक्षा पुरस्कार से किया गया सम्मानित



पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री विवेक कुमार गुप्ता ने मुंबई स्थित मुख्यालय में 12 कर्मचारियों को सम्मानित किया। इन कर्मचारियों ने अपने सतर्क कार्य से सुरक्षित रेल परिचालन सुनिश्चित किया। अगस्त 2025 माह में सतर्कता बरतने एवं संभावित घटनाओं को रोकने में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए इन कर्मचारियों को जी.एम. संरक्षा पुरस्कार प्रदान किया गया। सम्मानित कर्मचारियों में 2-2 कर्मचारी मुंबई सेंट्रल, वडोदरा, रतलाम, अहमदाबाद, राजकोट एवं भावनगर मंडल से हैं। भावनगर मंडल से श्री सीता राम यादव (स्टेशन मास्टर झ धोला जंक्शन) और श्री राठोड़ नरेन्द्रकुमार विरजिभाई (सहायक लोको पायलट-भावनगर टर्मिनस) को महाप्रबंधक संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री अतुल कुमार त्रिपाठी ने बताया कि पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री विवेक कुमार गुप्ता ने पुरस्कार प्राप्त कर्मचारियों की सतर्कता की सराहना करते हुए कहा कि वे सभी अनुकरणीय आदर्श हैं। कर्मचारियों की उच्च स्तर की प्रतिबद्धता एवं समर्पण ने सुरक्षित रेल संचालन में अहम भूमिका निभाई है। इनमें सुरक्षा से संबंधित विभिन्न क्षेत्रों जैसे टूटे बोल्ट का पता लगाना, कोच/इंजन के नीचे धुआं एवं चिंगारी का पता लगाना, पटरियों में दरार, टूटा कपलर बॉडी, डिब्बों में लटकते हुए सामान, दुर्घटना राहत ट्रेन (अफ्ळ), खुले फाटक से पहले आपातकालीन ब्रेक लगाकर दुर्घटना रोकना आदि शामिल हैं।

मंडल रेल प्रबंधक श्री दिनेश वर्मा ने सभी कर्मचारियों को बधाई दी एवं प्रशंसा कर भविष्य में भी उत्कृष्ट कार्य करते रहने हेतु प्रोत्साहित किया।

पश्चिम रेलवे सभी सम्मानित कर्मचारियों की त्वरित सोच एवं सतर्कता की सराहना करती है, जिनकी वजह से संभावित दुर्घटनाओं को टाला जा सका।

# रेलवे सुरक्षा बल स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में वडोदरा मंडल के वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त श्री फ्रांसिस लोबो के निर्देशन में रेलवे सुरक्षा बल, द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

**रेलवे सुरक्षा बल स्थापना दिवस**

दिनांक 20 सितम्बर 2025 को रेलवे सुरक्षा बल स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में वडोदरा मंडल के वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त श्री फ्रांसिस लोबो के निर्देशन में रेलवे सुरक्षा बल, द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वडोदरा मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री राजू भडके सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं रेल कर्मचारी उपस्थित रहे तथा कार्यक्रमों में सहभागिता प्रदान की। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य बल सदस्यों में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना जागृत करना, आम नागरिकों को जागरूक करना एवं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना रहा।



आयोजित प्रमुख कार्यक्रमों में मंडल स्तर पर आयोजित रक्तदान शिविर (जिसमें 41 बल सदस्यों एवं 13 बाहरी व्यक्तियों सहित कुल 54 यूनिट रक्तदान हुआ), विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण,पोस्टों एवं बैरकों में साफ-सफाई अभियान, सरदार नगर रेलवे कॉलोनी में स्वच्छता जागरूकता रैलीएवंपौधों के संरक्षण का संकल्प, दीपक फाउंडेशन (उहउ) के बाल संरक्षण गृह में बच्चों का उत्साहवर्धन, तथा यात्री गाड़ियों में ह्लमेरीसहेलीह्व, रेलवे हेल्पलाइन 139 एवं जहरखुरानी से संबंधित जागरूकता अभियान शामिल रहे।

इस प्रकार वडोदरा मंडल द्वारा रेलवे सुरक्षा बल स्थापना दिवस पर समाजहित एवं जन-जागरूकता से जुड़े विविध कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किए गऐ जिनमें बल सदस्यों ने उल्लास एवं ऊर्जा के साथ सक्रिय भागीदारी निभाई और स्थापना दिवस को सफल एवं गरिमामय बनाया।

# पश्चिम रेलवे के मुंबई सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर आयोजित वेस्ट टू आर्ट प्रदर्शनी में रीसाइक्लिंग की अभिनव प्रस्तुतियाँ

कचरे को बहुमूल्य चीजों में बदला - पश्चिम रेलवे ने अभिनव रीसाइक्लिंग से यात्रियों को दी प्रेरणा



कचरे से कला तक : मुंबई सेंट्रल के यात्रियों को स्वच्छ भविष्य का संदेश देती मनमोहक प्रदर्शनी

मुंबई, पश्चिम रेलवे द्वारा 22 सितंबर 2025 को मुंबई सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए एक अनूठी "वेस्ट टू आर्ट" प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया। स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान के तहत स्टेशन के कॉन्कोर्स हॉल में आयोजित यह प्रदर्शनी दिखाती है कि पश्चिम रेलवे अपशिष्ट कम करने और बेकार सामग्रियों के रचनात्मक पुनः उपयोग के प्रति कितनी प्रतिबद्ध है। यह पहल यह भी संदेश देती है कि आमतौर पर बेकार मानी जाने वाली वस्तुएँ भी सृजनात्मकता और नवप्रवर्तन से उपयोगी, आकर्षक और प्रेरक रूप ले सकती हैं।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस प्रदर्शनी में मूर्तियों और कलात्मक प्रतिष्ठानों का एक प्रभावशाली संग्रह प्रदर्शित किया गया है, जो पूरी तरह से कबाड़ और बेकार रेलवे सामग्री से निर्मित हैं। एमएस पाइप, एंकर लिंक कंट्रोल आर्म्स, एमएस एंगल्स, एमएस शीट्स, ब्रेक हैंगर ब्रैकेट्स, कॉइल्ड स्प्रिंग्स, अल्टरनेटर टेंशन रॉड स्प्रिंग्स, वॉशर और अन्य धातु के स्क्रैप जैसी वस्तुएँ, जिन्हें आमतौर पर कबाड़खाने में फेंक दिया जाता है, उन्हें कला की आकर्षक कृतियों में बदल दिया गया है।

पश्चिम रेलवे के मुंबई सेंट्रल मंडल द्वारा संचालित यह पहल न केवल रचनात्मकता के लिए है, बल्कि जागरूकता फैलाने के लिए भी है। हर स्थापना एक संदेश देती है: कचरे पर पुनर्विचार करें, स्मार्ट तरीके से रीसायकल करें और नई संभावनाओं की कल्पना करें। मुंबई सेंट्रल से रोजाना गुजरने वाले हजारों यात्री इस प्रदर्शन को निहारने, तस्वीरें लेने और "कचरे" के वास्तविक अर्थ को समझने के लिए एक नए दृष्टिकोण के साथ लौटते हैं।

श्री विनीत अभिषेक ने आगे बताया कि इस प्रदर्शनी के माध्यम से, पश्चिम रेलवे का उद्देश्य यात्रियों को उन चीजों में छिपी संभावनाओं को देखने के लिए प्रेरित करना है, जिन्हें आमतौर पर कचरे के रूप में फेंक दिया जाता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह पहल एक छोटा लेकिन सार्थक कदम है जो स्वच्छ भारत मिशन के अनुरूप है और एक स्वच्छ, स्वस्थ और हरित भविष्य के निर्माण के पश्चिम रेलवे के दृष्टिकोण को दशार्ता है।

स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान के पूरे देश में जोर पकड़ते जा रहे इस अभियान के साथ यह प्रदर्शनी इस बात का एक

# खेल जगत में नारी शक्ति : सरिता गायकवाड़, माना पटेल, अंकिता रैना और इलावेनिल वालारिवन जैसी खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गुजरात का नाम रोशन किया

**खेलों में महिलाओं को प्रोत्साहन देने के लिए प्रतिबद्ध गुजरात सरकार, शक्तिदूत योजना के अंतर्गत 2024-25 में महिला खिलाड़ियों को 147 लाख रुपए से अधिक की आर्थिक सहायता का वितरण**

**तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किया गया खेल महाकुंभ बना गेम चेंजर, 26 लाख से अधिक महिलाओं ने कराया रजिस्ट्रेशन**

**महिला खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार योजना के तहत कुल 11 करोड़ रुपए से अधिक की सहायता दी गई**

गांधीनगर, 22 सितंबर : नवरात्रि यानी शक्ति के नौ स्वरूपों की आराधना का महोत्सव। नवरात्रि का त्योहार नारी शक्ति का प्रतीक माना जाता है। हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 'विकसित भारत@2047' के विजन को साकार करने में महिला सशक्तिकरण पर हमेशा जोर दिया है। गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री और अब भारत के प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने सामाजिक, शैक्षणिक और राजनीतिक क्षेत्र में महिलाओं को आगे बढ़ाने के लगातार प्रयास किए हैं। खेल क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं है। गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री के रूप में उनके द्वारा शुरू की गई खेल महाकुंभ की पहल और उसी तर्ज पर राष्ट्रीय स्तर पर लॉन्च किए गए खेलो इंडिया कार्यक्रम के चलते देश की महिला खिलाड़ियों की प्रतिभा में अभूतपूर्व निखार आया है और उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम रोशन किया है।



गुजरात की महिला खिलाड़ियों का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दमदार प्रदर्शन, खेल महाकुंभ में 26 लाख से अधिक महिलाओं का रजिस्ट्रेशन

गुजरात की महिला खिलाड़ियों ने बीते कुछ सालों में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पटल पर अपनी प्रतिभा की चमक बिखेरी है। सरिता गायकवाड़ (दौड़), माना पटेल (तैराकी), अंकिता रैना (टेनिस), इलावेनिल वालारिवन (निशानेबाजी) और भाविना पटेल (टेबल टेनिस) जैसी खिलाड़ियों ने खेल क्षेत्र में दमदार प्रदर्शन करते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गुजरात का नाम रोशन किया है। इन खिलाड़ियों ने राज्य की अन्य महिलाओं को खेल क्षेत्र में आगे बढ़ने को प्रेरित किया है। उल्लेखनीय है कि 2010 में तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई खेल महाकुंभ की पहल के कारण अब महिलाएं बड़ी संख्या में विभिन्न खेलों में उत्साहपूर्वक हिस्सा ले रही हैं। खेल महाकुंभ एशिया का सबसे बड़ा जमीनी स्तर पर प्रतिभा की पहचान और विकास का कार्यक्रम है। अब तक कुल 26 लाख 56 हजार से अधिक महिलाओं ने खेल महाकुंभ के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है।

शक्तिदूत योजना के अंतर्गत महिला खिलाड़ियों को 147 लाख रुपए से अधिक की प्रोत्साहन राशि का वितरण

गुजरात सरकार ने वर्ष 2006 में शक्तिदूत योजना लागू की थी, जिसका उद्देश्य राज्य के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धियां हासिल करने के लिए तैयार करना है। इस योजना के अंतर्गत खिलाड़ियों की क्षमता को ध्यान में रखकर उन्हें आवश्यकतानुसार खेल से संबंधित सुविधाएं प्रदान की जाती हैं।

शक्तिदूत योजना के तहत अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित और विभिन्न अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक जीतकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टेनिस खिलाड़ी अंकिता रैना को 2017 से 2024 के दौरान 2 करोड़ 19 लाख रुपए से अधिक की सहायता प्रदान की गई है। वहीं, तैराकी में डंका बजाने वाली माना पटेल को शक्तिदूत योजना के तहत 2017 से 2024 के दौरान 67,50,798 रुपए की सहायता प्रदान की गई है। माना पटेल राज्य की पहली महिला तैराक हैं, जिन्होंने ओलंपिक खेलों में हिस्सा लिया है। इतना ही नहीं, उन्होंने साउथ एशियन गेम्स जैसी अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धा तथा खेलो इंडिया जैसी प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भी पदक जीते हैं।

डांग एक्सप्रेस के रूप में जानी जाने वाली और एशियाई खेल 2018 में महिलाओं की 4७400 मीटर रिले टीम प्रतियोगिता में गोल्ड मैडल जीतने वाली सरिता गायकवाड़ को शक्तिदूत योजना के तहत 2017 से 2024 के दौरान 12 लाख रुपए की सहायता दी गई है।

# पश्चिम रेलवे के 12 कर्मचारियों को महाप्रबंधक संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित किया गया

मुंबई, 22 सितंबर, 2025

पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री विवेक कुमार गुप्ता ने पश्चिम रेलवे मुख्यालय, मुंबई में 12 कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया, जिनके योगदान से सुरक्षित ट्रेन परिचालन सुनिश्चित हो सका। ये कर्मचारी अगर्‍ त, 2025 माह के दौरान ड्यूटी में सतर्कता बरतते हुए किसी भी अप्रिय घटना को टालने में सफल रहे। इन 12 कर्मचारियों में मुंबई सेंट्रल, वडोदरा, रतलाम, अहमदाबाद, राजकोट एवं भावनगर मंडल से दो-दो कर्मचारी शामिल हैं।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, श्री



पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री विवेक कुमार गुप्ता, अपर महाप्रबंधक, प्रमुख विभागाध्यक्षों तथा महाप्रबंधक संरक्षा पुरस्कार प्राप्तकताओं के साथ दिखाई दे रहे हैं।

गुर्‍ ता ने पुरस्कार प्राप्त करने वाले कर्मचारियों की सतर्कता की सराहना करते हुए कहा कि ये सभी कर्मचारी अपने कार्य के प्रति समर्पित रहकर दूसरों के लिए प्रेरणास्रोत बने हैं। इन कर्मचारियों ने संरक्षा के विविध क्षेत्रों जैसे टूटे हुए बोल्ट का पता लगाना, कोच/इंजन के नीचे धुएँ और चिंगारी का पता लगाना, ट्रैक में फ्रैक्चर, टूटी हुई कपलर बॉडी, वैगनों और दुर्घटना राहत ट्रेन (ART) में लटकती वस्तुओं का पता लगाना, किसी खुले लेवल क्रॉस गेट से पहले आपातकालीन ब्रेक लगाकर अप्रिय घटनाओं से बचाव आदि में ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन के प्रति प्रतिबद्धता और समर्पण दिखाई।

पश्चिम रेलवे को इन सभी कर्मचारियों पर गर्व है, जिन्होंने अपनी त्वरित कार्रवाई और सतर्कता से किसी भी अप्रिय घटना की संभावना को समय रहते रोकने में सहायता की।

# रेलवे बोर्ड में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से समझाया स्वच्छता का महत्व

दिनांक 22 सितम्बर 2025 को 'स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025' के अंतर्गत स्वच्छ आदतों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से रेलवे बोर्ड सांस्कृतिक दल द्वारा रेल भवन के विचार सभागार में स्वच्छता जागरूकता सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार, सदस्य (वित्त) उषा वेणुगोपाल, सदस्य (अवसंरचना) नवीन गुलाटी, महानिदेशक (आरपीएफ) सुश्री सोनाली मिश्रा, महानिदेशक (मानव संसाधन) आर. राजगोपाल, महानिदेशक (संरक्षा) हरि शंकर वर्मा तथा सचिव, रेलवे बोर्ड सुश्री अरुणा नायर सहित बड़ी संख्या में रेल कर्मचारी उपस्थित रहे।



अपने संबोधन में अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड सतीश कुमार ने स्वच्छता के महत्व पर बल देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रत्येक व्यक्ति से साल में 100 घंटे और प्रति सप्ताह 2 घंटे स्वच्छता के लिए श्रमदान करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि हम सबको संकल्प लेना होगा कि सदैव स्वच्छता के प्रति जागरूक रहेंगे और अपने गांव, शहर, रेलवे स्टेशन तथा देश को स्वच्छ रखने में योगदान देंगे।

कार्यक्रम की शुरूआत अपूर्व प्रतिभा और पंकज विशाल द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुई। इसके बाद सांस्कृतिक दल ने 'स्वच्छता मिशन' पर आधारित सामूहिक गीत प्रस्तुत किया। साथ ही, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छ आदतों की आवश्यकता और उसके लाभों को विस्तार से दशार्या गया।

इस मौके पर टी.पी. चावला, हर्ष सिंह, दिव्या खुराना और पंकज विशाल ने स्वच्छता पर आधारित अपनी स्वरचित कविताओं का वाचन कर सभी को प्रभावित किया।

कार्यक्रम का संयोजन संयुक्त सचिव, रेलवे बोर्ड टी. श्रीनिवास ने किया, जबकि मंच संचालन प्रीति मान ने किया।

# ₹कचरे को खजाने में बदलना: स्वच्छता ही सेवा 2025 के दौरान अहमदाबाद मंडल नवाचार में अग्रणी

अहमदाबाद मण्डल पर "कचरे से कला प्रतिष्ठान" और आरआरआर गतिविधियाँ आयोजित की गई

"स्वच्छता ही सेवा" (रलर) अभियान 2025, जो कि 17 सितम्बर से राष्ट्रव्यापी स्तर पर प्रारंभ हुआ, 2 अक्टूबर 2025 को गांधी जयंती के अवसर पर संपन्न होगा। इस अभियान के अंतर्गत पश्चिम रेलवे का अहमदाबाद मंडल निरंतर नवाचार एवं पर्यावरणीय जागरूकता के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

अभियान के छठे दिन, दिनांक 22.09.2025 को "कचरे से कला प्रतिष्ठान" विषय के तहत अहमदाबाद मंडल में विविध स्थलों पर अपशिष्ट पदार्थों के रचनात्मक उपयोग पर केंद्रित गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इस दिन का उद्देश्य "RRR" (Reduce, Reuse, Recycle) कम करें, पुनः उपयोग करें और पुनर्चक्रण करें की भावना को बढ़ावा देना था।



डीजल शेड, साबरमती तथा कोचिंग डिपो भुज में बेकार एवं अनुपयोगी सामग्रियों से प्रेरणादायक कलाकृतियाँ तैयार की गईं। इन कृतियों में एक सुंदर गणपति मंदिर, एक स्वागत प्रतिमा, तथा कुत्ते और तकनीशियन/फिटर जैसी कल्पनाशील आकृतियाँ सम्मिलित थीं। इन कलाकृतियों ने न केवल कर्मचारियों की रचनात्मक क्षमता को उजागर किया, बल्कि कचरे को संस्कृति, सृजनशीलता और स्थिरता के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत कर पर्यावरणीय संदेश भी प्रसारित किया।

इसी प्रकार, इलेक्ट्रिक लोको शेड, वटवा ने डीजल इंजनों के स्क्रैप घटकों का उपयोग करते हुए विभिन्न मूर्तियाँ एवं सजावटी कलाकृतियाँ बनाई। यह प्रयास "कचरे से सर्वश्रेष्ठ" विषय को साकार करते हुए पुनः उपयोग की अवधारणा में छिपे संभावनाओं को उजागर करता है।

फ्फ्फ गतिविधियों के तहत, अहमदाबाद स्टेशन ने प्लास्टिक बोतल क्रशिंग मशीनों का सक्रिय उपयोग करते हुए प्लास्टिक कचरे के जिम्मेदार निपटान को बढ़ावा दिया। यात्रियों को पर्यावरण के अनुकूल व्यवहार अपनाने हेतु प्रोत्साहित किया गया। साथ ही, गांधीधाम स्टेशन पर प्लास्टिक कचरे का विश्लेषण कर उसके उपयोग को सीमित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए, जिससे स्टेशन परिसर को अधिक स्वच्छ और हरित बनाए रखने में मदद मिली।

इन सभी पहलों ने अहमदाबाद मंडल की पर्यावरणीय ज़िम्मेदारी, नवाचार और सामूहिक सहयोग की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया, जो स्वच्छता ही सेवा झ 2025 अभियान के प्रमुख स्तंभ हैं।

# नवरात्रि के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री के करकमलों से राज्य के नागरिकों को स्वास्थ्योन्मुखी भेंट

मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल ने गुजरात के अधिकारियों-कर्मचारियों तथा उनके परिवारों के स्वास्थ्य सुख के लिए 'गुजरात कर्मयोगी स्वास्थ्य सुरक्षा योजना'का शुभारंभ कराया

मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल तथा स्वास्थ्य मंत्री श्री ऋषिकेश पटेल ने 94 नई 108 एम्बुलेंस को फ्लैगऑफ देकर प्रस्थान कराया



गांधीनगर, 22 सितंबर :मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल की अध्यक्षता में तथा स्वास्थ्य मंत्री श्री ऋषिकेश पटेल की प्रेरक उपस्थिति में सोमवार को गांधीनगर में गुजरात कर्मयोगी स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (जी-कैटेगरी) का शुभारंभ समारोह आयोजित हुआ। इस समारोह के दौरान मुख्यमंत्री ने योजना का विधिवत शुभारंभ कराकर योजना की एनरोलमेंट प्रक्रिया शुरू कराई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के करकमलों से योजना के लाभार्थी अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रतीक के रूप में आयुष्मान कार्ड प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त; मुख्यमंत्री ने 94 नई 108 एम्बुलेंस को फ्लैग ऑफ देकर उनका लोकार्पण किया।

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि गुजरात में सेवारत ऑल इंडिया सर्विसेज के अधिकारियों, राज्य सरकार के अधिकारियों-कर्मचारियों, पेंशनभोगियों तथा उनके परिवारों के लिए आज से 'गुजरात कर्मयोगी स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (जी-कैटेगरी)' लागू की गई है। इस योजना के लागू होने से अब सरकारी अधिकारियों-कर्मचारियों तथा उनके परिवारों को भी 10 लाख रुपए तक के कैशलेस चिकित्सा उपचार का लाभ मिलेगा तथा उनके स्वास्थ्य सुख में भी वृद्धि होगी।

इसके अतिरिक्त; गुजरात के नागरिकों को आकस्मिक समय में प्राथमिक उपचार प्रदान कर गोल्डन अवर में अस्पताल पहुँचाने वाली 108 एम्बुलेंस के नेटवर्क में भी आज से वृद्धि होने जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज लोकार्पित हुईं नई 94 एम्बुलेंस में आधुनिक टेक्नोलॉजी इंटीग्रेट करके उसे अधिक कार्यक्षम एवं अत्याधुनिक बनाया गया है, जिससे नागरिकों को क्रिटिकल समय में आवश्यक उपचार प्रदान किया जा सके।

इस समारोह में मुख्य सचिव श्री पंकज जोशी, स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव श्री धनंजय द्विवेदी, स्वास्थ्य आयुक्त (नगरीय) श्री हर्ष पटेल एवं स्वास्थ्य आयुक्त (ग्रामीण) श्री रतनकँवर चारण गढवी सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

RNI No.: UPHIN/25/A1698 Published & Owned by RAGINI JIGNESHKUMAR VAGHELA and Printed By SUSHILA SHUKLA at Krishna Printiers, 271/31 Chakmaki Dugawa, Rajendranagar, Lucknow-226018, Uttar Pradesh. and Published from 538 GHA/85 Pataurganj, Near Janki Prasad Dharmshala, Sitapur Road, Niralanagar, Lucknow-226020, Uttar Pradesh. Editor : VINOD KUMARI

# सम्पादकीय

## बढ़ती लोकप्रियता किर्क की हत्या की वजह बनी!

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के करीबी चार्ली किर्क को गोली मारकर हत्या कर दी गई। वारदात यूटा के ओरम स्थित यूटा वैली यूनिवर्सिटी में छात्रों की मीटिग के ठीक दौरान हुई। इस हत्या ने एक बार फिर अमेरिका को हिलाकर रख दिया है। यूटा वैली यूनिवर्सिटी में उस समय करीब तीन हजार छात्र थे। जब हमलावर ने चार्ली पर निशाना साधा। अधिकारियों ने जांच में पाया कि स्नाईपर ने दूर एक इमारत की छत पर छिपकर जो करीब 180 मीटर दूर थी से सीधी एक गोली चलाई जो चार्ली की गर्दन में लगी और वहीं वह ढेर हो गए। कौन थे चार्ली किर्क? चार्ली एक अमेरिकी वंजरवेटिव और मीडिया पर्सनैलिटी थे। उन्होंने टर्निग प्वांट यूएसए नाम का यंग वंजरवेटिव संगठन 18 साल की उम्र में ही स्थापित किया था। वह उसके को-फाउंडर थे। वह युवाओं को राजनीतिक रूप से सक्रिय बनाने, बहसों में हिस्सा लेने और रूढ़िवादी विचारों को प्रोरित करने के लिए जाने जाते थे। राष्ट्रपति ट्रंप के करीबी चार्ली किर्क के हत्यारे और हत्या की वजह के बारे में अब तक वुछ ठोस पता नहीं चला है लेकिन यह तय है कि उनकी लोकप्रियता काफी तेजी से बढ़ रही थी। ऐसे में एक सवाल यह भी हैंकि उन्हें कहीं उनकी बढ़ती लोकप्रियता तो हत्या की वजह नहीं बनी? छत से गोली वैसे ही चलाईं गईं, जैसे जुलाई 2024 में चुनाव प्रचार के दौरान पेनसिलवेनिया में डोनाल्ड ट्रंप पर चली थी। तब गोली ट्रंप का कान छूकर निकल गईं थी। ट्रंप ने 31 वषाय किर्क को महान और दिग्गज बताया। वीडियो संदेश में उन्हें सत्य और स्वतंत्रता का शहीद बताया। हत्या के लिए उन्होंने कट्टर वामपंथियों की बयानबाजी को दोषी ठहराया। चार्ली किर्क के आखिरी भाषण का 30 सेवेंड का वीडियो सामने आया है। सपेद टेंट में बैनर्स पर द अमेरिकन कमबैक और प्रूव मी रॉन्ग भी रांडा स्लोगन लिखे थे। माइक लेकर बैठे किर्क सवालों का जवाब दे रहे हैं। श्रोता : 10 सालों में कितने ट्रांसजेंडर अमेरिकियों ने मास शूटिग की है? किर्क : बात ज्यादा। श्रोता : क्या आपको पता है कि 10 सालों में वुल कितने मास शूटर रहे हैं। किर्क : गैंग वायलेंस की गिनना है या नहीं? तभी गोली चलती है। गर्नर्ड किर्क के पास बैठी मैडिसन लैटिन ने कहा : मैंने गोली की आवाज सुनी। उनके शरीर से खून निकला और वे गिर गए। फिर चीख-पुकार के बीच अफरातफरी मच गईं। यह दुखद है कि अमेरिका में राजनीतिक हिसा लगातार बढ़ रही है। दक्षिण पंथी व वामपंथी दोनों विचारधाराएं इससे प्रभावित हुई हैं। अमेरिकी इतिहास राजनीतिक हिंसा से भरा है। 60 के दशक में जान एफ वैनेडी, मार्टिन लूथर किग जूनियर की हत्या हुईं। हाल के वर्षो में यह भय बार-बार सामने आया। 2021 में ट्रंप समर्थकों ने कैपिटल हिल पर हमला किया। 2021 में सांसदों को 9600 से ज्यादा धमकियां मिली। अगले साल नैंसी पेलोसी के पति पर हमला हुआ। उसी साल न्यूयार्व के गर्वनर पद के उम्मीदवार ली नेल्डिन को सभा में चावू से मारने की कोशिश हुईं। 2024 में प्रचार के दौरान खुद ट्रंप पर दो बार जानलेवा हमले हुए, जिनमें वे बाल-बाल बच गए थे। अमेरिका के इस यह गन कल्चर को नियंत्रित करने की कई राष्ट्रपति प्रयास कर चुके हैं पर अमेरिका की यह गन लॉबी इतनी शक्तिशाली है कि वह किसी भी प्रकार के कंट्रोल को पारित ही नहीं होने देती। चार्ली किर्क की हत्या राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए सीधी चुनौती है। विश्लेषकों का मानना है कि यह हमला ट्रंप, अमेरिकी सुरक्षा एजेंसियों के लिए बड़ा झटका और चुनौती है।

# उपराष्ट्रपति ने 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' शीर्षक प्रधानमंत्री मोदी के भाषणों वाले खंडों का लोकार्पण किया

**ये पुस्तकें प्रधानमंत्री के योगदानों, उनके दृष्टिकोण और राष्ट्र से संबंधित उनके सपनों को दशार्ती हैं: उपराष्ट्रपति**

**प्रधानमंत्री मोदी लाखों लोगों के लिए एक जीवंत प्रेरणास्रोत हैं; उनका दृढ़ संकल्प यह दिखाता है कि असंभव को कैसे संभव बनाया जा सकता है: उपराष्ट्रपति**

**'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' श्रृंखला प्रधानमंत्री के राष्ट्र-निर्माण के मंत्र को दशार्ती है: उपराष्ट्रपति**

**पांच नाजुक अर्थव्यवस्था से बदलकर चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने तक: प्रधानमंत्री मोदी के भाषणों में उनके नेतृत्व की झलक दिखी: उपराष्ट्रपति**

**ये भाषण 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत', काशी तमिल संगमम, जनजातीय गौरव दिवस और कर्तव्य पथ के जरिए सांस्कृतिक पहचान के पुनरुद्धार को दशार्ते हैं: उपराष्ट्रपति**

**प्रधानमंत्री मोदी के वक्तव्य 2047 तक विकसित भारत की दिशा में देश की यात्रा को प्रतिध्वनित करते हैं: उपराष्ट्रपति**

**ये पुस्तकें अमृत काल के दौरान कर्तव्यों के प्रति वचनबद्धता को प्रेरित करेंगी और 2047 तक विकसित भारत का निर्माण करेंगी: उपराष्ट्रपति**

(जीएनएस)।

उपराष्ट्रपति श्री सी.पी. राधाकृष्णन ने आज प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के चुनिंदा भाषणों वाले दो खंडों का विमोचन किया, जिसका शीर्षक है 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास'। इनमें प्रधानमंत्री के दूसरे कार्यकाल के चौथे और पांचवें वर्ष को शामिल किया गया है।

नई दिल्ली में सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में बोलते हुए, उपराष्ट्रपति ने नवरात्रि के पावन अवसर पर नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं और कहा कि पदभार ग्रहण करने के बाद यह उनका पहला सार्वजनिक समारोह है।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि ये दोनों खंड प्रधानमंत्री के योगदानों, उनके दृष्टिकोण और राष्ट्र से संबंधित उनके सपनों को समझने की कुंजी हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को ह्लदेश और विदेश के लाखों लोगों के लिए एक ऐसा जीवंत प्रेरणास्रोतह्व बताया, जो अपने आचरण से लोगों को अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रेरित करते हैं, जो आम आदमी के प्रतिनिधि से एक सच्चे जननेता के रूप में विकसित हुए हैं, जिनके दृढ़ संकल्प ने हमें दिखाया है कि असंभव को कैसे संभव बनाया जा सकता है, नामुमकिन को मुमकिन करना, असंभव को संभव करना ह्व

इन पुस्तकों, जिनमें 2022-23 के दौरान दिए गए 76 भाषण और 12 मन की बात संबोधन और 2023-24 के दौरान दिए गए 82 भाषण और 9 मन की बात संबोधन शामिल हैं और जिन्हें 11-11 विषयगत खंडों में संकलित किया गया है, की विषयवस्तु पर प्रकाश डालते हुए, उपराष्ट्रपति ने कहा कि ये पुस्तकें प्रधानमंत्री की विचारों की स्पष्टता, दूरदर्शी दृष्टिकोण और समावेशी शासन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दशार्ती हैं। उपराष्ट्रपति ने भाषणों के सावधानीपूर्वक चयन और सुंदर प्रस्तुति के लिए सूचना और प्रसारण मंत्रालय के प्रकाशन विभाग को बधाई भी दी।

स्वामी विवेकानंद के इस कथन को उद्धृत करते हुए कि, ह्लउठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य






प्राप्त न हो जाएह्व उपराष्ट्रपति ने कहा कि प्रधानमंत्री का हर भाषण दृढ़ता, दृढ़ संकल्प और लोक कल्याण का ही संदेश देता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ये भाषण प्रधानमंत्री मोदी के उस दृष्टिकोण को दशार्ते हैं जिससे यह सुनिश्चित होता है कि सरकारी योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचें।

उन्होंने 'एक भारत श्रेष्ठ भारत', काशी तमिल संगमम, जनजातीय गौरव दिवस और राजपथ का नाम बदलकर कर्त्तव्य पथ करने जैसी पहलों के जरिए भारत की सांस्कृतिक पहचान को पुनर्जीवित करने में प्रधानमंत्री की भूमिका को रेखांकित किया।

युवा सशक्तिकरण के बारे में बोलते हुए, उपराष्ट्रपति ने स्टार्टअप इंडिया, फिट इंडिया, खेलो इंडिया, स्किल इंडिया और रोजगार मेला जैसी पहलों की प्रशंसा की और इन्हें 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का आधारभूत स्तंभ बताया। उन्होंने राष्ट्र के युवाओं में विश्वास पर आधारित पहल के रूप में मेरा युवा भारत (माई भारत) के शुभारंभ पर भी प्रकाश डाला।

जी-20 की भारत की अध्यक्षता का उल्लेख करते हुए, उपराष्ट्रपति ने अफ्रीकी संघ को स्थायी सदस्य के रूप में ऐतिहासिक रूप से शामिल किए जाने की सराहना की तथा प्रधानमंत्री मोदी के वसुधैव कुटुम्बकम- विश्व एक परिवार है- के दृष्टिकोण को रेखांकित किया।

उन्होंने आगे कहा कि ये भाषण प्रधानमंत्री मोदी की ह्ल360-डिग्री संलग्नताह्व को दशार्ते हैं, जिसमें वैश्विक एजेंडा को आकार देने से लेकर वोकल फॉर लोकल, आत्मनिर्भर भारत और 'पीएम-सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना' जैसी परिवर्तनकारी स्थानीय पहलों को आगे बढ़ाना शामिल है। उन्होंने बताया कि ये कार्यक्रम किस प्रकार सतत विकास लक्ष्यों को दशार्ते हैं और लोगों के जीवन में ठोस बदलाव लाते हैं।

उपराष्ट्रपति ने इस तथ्य पर भी प्रकाश डाला कि जन धन योजना, आधार-मोबाइल लिंकेज, प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी), पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, लखपति दीदी, किसानों के लिए पीएम-किसान, मुद्रा योजना और पीएम स्वनिधि जैसी पहलों के जरिए पिछले एक दशक में 25 करोड़ से अधिक लोग अत्यधिक गरीबी के जाल से बाहर निकल आए हैं।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी धर्म, कर्तव्यबोध और सेवाभाव पर आधारित भारत के सभ्यतागत मूल्यों से प्रेरणा लेते हैं। उन्होंने हमें याद दिलाया कि एक मजबूत राष्ट्र केवल शक्ति से नहीं, बल्कि चरित्र और एकता से बनता है।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि प्रधानमंत्री के लिए कोई भी लक्ष्य कभी बहुत दूर या बहुत कठिन नहीं होता, क्योंकि वे निरंतर 1.40 अरब भारतीयों की शक्ति से ताकत प्राप्त करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि जनता की सामूहिक क्षमता में प्रधानमंत्री के अटूट विश्वास ने स्वच्छ भारत अभियान को जनभागीदारी के एक जन आंदोलन में बदल दिया और नागरिकों में ह्लस्वच्छता ही सेवा हैह्व की भावना का संचार किया। उन्होंने आगे कहा कि इसी विश्वास ने प्रधानमंत्री को कोविड संकट के दौरान भारत को आत्मनिर्भरता के पथ पर दृढ़ता से आगे बढ़ाने का साहस दिया।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि एक दशक पहले, भारत को पांच नाजुक अर्थव्यवस्थाओं में गिना जाता था। आज, भारत गर्व से दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और यह जल्द ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह महज एक आर्थिक उपलब्धि भर नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय अनुशासन, आत्मनिर्भरता और राष्ट्र प्रथम की भावना का परिणाम है जो देश की विकास यात्रा का मार्गदर्शन करती है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि यह देखकर बहुत खुशी होती है कि विकसित भारत का सपना आंखों में चमक रहा है और राष्ट्र प्रथम का सिद्धांत हर नागरिक के दिल में गूंज रहा है।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि विरासत, इतिहास, भाषा और संस्कृति के प्रति नए सिरे से प्रेम देश के अमृत काल का प्रतीक है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ये पुस्तकें पाठकों को 'नए भारत' की शक्ति एवं आकांक्षाओं को समझने में मदद करेंगी और उन्हें 2047 तक विकसित भारत के निर्माण हेतु इस अमृत काल में अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रेरित करेंगी।

उपराष्ट्रपति श्री सी.पी. राधाकृष्णन ने इन खंडों को प्रकाशित करने के लिए सूचना और प्रसारण मंत्रालय तथा प्रकाशन विभाग की टीम को बधाई दी।

इस कार्यक्रम में माननीय सूचना और प्रसारण, रेलवे, तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव, राज्यसभा के उपसभापति श्री हरिवंश, माननीय उपराष्ट्रपति के सचिव श्री अमित खरे, सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सचिव श्री संजय जाजू, भारतीय प्रेस परिषद की अध्यक्ष न्यायमूर्ति (श्रीमती) रंजना प्रकाश देसाई, सांसद श्री निशिकांत दुबे एवं श्री योगेश चंदोलिया, दिल्ली विश्वविद्यालय, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय, इंदिरा गांधी दिल्ली महिला तकनीकी विश्वविद्यालय, नेताजी सुभाष प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति और प्रख्यात पत्रकार उपस्थित थे।

# कोयला क्षेत्र में जीएसटी सुधार - कोयला क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक परिवर्तनकारी कदम

(जीएनएस)।

कोयला मंत्रालय ने जीएसटी परिषद की नई दिल्ली में हुई 56वीं बैठक में लिए गए उन ऐतिहासिक निर्णयों का स्वागत किया है जिनसे कोयला क्षेत्र के कराधान ढांचे में महत्वपूर्ण बदलाव आए हैं। ये सुधार कोयला क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक परिवर्तनकारी कदम हैं जिससे कोयला उत्पादकों के साथ-साथ उपभोक्ताओं को भी लाभ होगा।

जीएसटी परिषद की 56वीं बैठक में लिए गए प्रमुख निर्णय

जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर को हटाया गयाः परिषद ने कोयले पर पहले लगाए गए 400 रुपए प्रति टन क्षतिपूर्ति उपकर को समाप्त कर दिया है।

कोयले पर जीएसटी दर में वृद्धिः कोयले पर जीएसटी दर 5 प्रतिशत से बढ़ाकर 18 प्रतिशत कर दी गई है।

कोयला मूल्य निर्धारण और बिजली क्षेत्र पर नए सुधार के कारण कुल कर भार में उल्लेखनीय कमी आई है क्योंकि जी6 से जी17 श्रेणी के कोयला मूल्य में 13.40 रुपए प्रति टन से लेकर 329.61 रुपए प्रति टन तक की कमी देखी गई है। बिजली क्षेत्र के लिए औसत कमी लगभग 260 रुपए प्रति टन है जो उत्पादन लागत में 17-18 पैसे प्रति किलोवाट घंटा की कमी दशार्ती है।

सभी कोयला श्रेणियों में कर भार को युक्तिसंगत बनाने से न्यायसंगत व्यवहार सुनिश्चित होगा। यह पहले लागू 400 रुपए प्रति टन क्षतिपूर्ति उपकर को समाप्त करेगा जो निम्न-गुणवत्ता और कम कीमत वाले कोयले पर असमान रूप से प्रभाव डालता था। उदाहरण के लिए, कोल इंडिया लिमिटेड द्वारा सबसे अधिक मात्रा में उत्पादित जी-11 नॉन-कोकिंग कोयले पर कर भार 65.85 प्रतिशत था जबकि जी2 कोयले पर यह 35.64 प्रतिशत था। उपकर हटा दिए जाने के बाद अब सभी श्रेणियों पर कर भार एक समान रूप से 39.81 प्रतिशत हो गया है।

भारत की आत्मनिर्भरता मजबूत हुई है और आयात पर अंकुश भी लगा है क्योंकि उपकर हटाने से प्रतिस्पर्धा का स्तर समान हो गया है और पहले की वह स्थिति अब नहीं है जहां 400 रुपए प्रति टन की जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर की एकसमान दर के परिणामस्वरूप उच्च सकल कैलोरी मान वाले आयातित कोयले की लैंडिंग लागत भारतीय निम्न-श्रेणी के कोयले की तुलना में कम थी। यह सुधार भारत की आत्मनिर्भरता को मजबूत करता है और अनावश्यक कोयला आयात पर अंकुश लगाता है।

इन सुधारों ने कोयले पर जीएसटी की दर बढ़ाकर 18 प्रतिशत कर दी है जिससे उलटा शुल्क विसंगति भी दूर हो गई है। पहले, कोयले पर 5 प्रतिशत जीएसटी लगता था जबकि कोयला कंपनियों द्वारा उपयोग की जाने वाली इनपुट सेवाओं पर उच्च जीएसटी दर, सामान्यतः 18 प्रतिशत लागू होती थी। इस असमानता के कारण, कोयला कंपनियों की कम उत्पादन जीएसटी देयता के कारण, उनके खातों में अप्रयुक्त कर क्रेडिट जमा होता था।

रिफंड का कोई प्रावधान न होने के कारण, यह राशि बढ़ती रही और धनराशि अवरुद्ध होती रही। आने वाले वर्षों में अप्रयुक्त राशि का उपयोग जीएसटी कर देयता का भुगतान करने के लिए किया जा सकता है जिससे तरलता पर लगी रोक हटेगी और कोयला कंपनियों को अप्रयुक्त जीएसटी क्रेडिट के जमा होने के कारण होने वाले नुकसान को कम करने में मदद मिलेगी तथा वित्तीय स्थिरता बढ़ेगी।

जीएसटी दरों में 5 प्रतिशत से 18 प्रतिशत तक की वृद्धि के बावजूद, सुधारों का समग्र प्रभाव यह है कि अंतिम उपभोक्ताओं के लिए कर भार कम होगा, साथ ही उल्टे शुल्क ढांचे में सुधार होगा, जिससे तरलता बढ़ेगी, विकृतियां दूर होंगी तथा कोयला उत्पादकों के लिए घाटे को रोका जा सकेगा।

जीएसटी परिषद के निर्णयों से भारत की आत्मनिर्भरता को मजबूत करने, उत्पादकों को समर्थन देने, उपभोक्ताओं को लाभान्वित करने और आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप कोयला क्षेत्र पर सकारात्मक प्रभाव पड़ने की उम्मीद है जिससे वास्तव में यह एक संतुलित सुधार बन जाएगा।


# मुख्यालय आईडीएस द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा पर असैन्य -सैन्य सहभागिता के लिए एक अनूठा मंच प्रदान करते हुए संयुक्त सैन्य कार्रवाई समीक्षा और मूल्यांकन (कोर) कार्यक्रम का आयोजन

(जीएनएस)।

मुख्यालय एकीकृत रक्षा कार्मिक (मुख्यालय आईडीएस) द्वारा संयुक्त सैन्य कार्रवाई समीक्षा और मूल्यांकन (कोर) कार्यक्रम का आयोजन 22 से 26 सितंबर, 2025 तक नई दिल्ली के यूनाइटेड सर्विस इंस्टीट्यूशन ऑफ इंडिया में किया जा रहा है। यह पहल राष्ट्रीय सुरक्षा पर असैन्य-सैन्य सहभागिता के लिए एक अद्वितीय मंच प्रदान करती है, जो भारतीय सशस्त्र बलों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ रक्षा, विदेश और गृह मंत्रालयों के अधिकारियों को एक साथ लाती है।

कोर के विषयों में उभरती क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा चुनौतियां, युद्ध की प्रकृति पर तकनीकी परिवर्तनों का प्रभाव, रणनीतिक संचार का महत्व और जटिल एवं बहुआयामी खतरों से निपटने में असैन्य व सैन्य हितधारकों के बीच बेहतर तालमेल की बढ़ती आवश्यकता शामिल हैं।

पांच दिनों तक चलने वाला कोर कार्यक्रम विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित विषय विशेषज्ञों और प्रमुख पेशेवरों के साथ गहन विचार-विमर्श के माध्यम से समकालीन राष्ट्रीय तथा क्षेत्रीय सुरक्षा मुद्दों पर व्यापक जानकारी प्रदान करेगा। यह कार्यक्रम रणनीतिक रूप से जागरूकता बढ़ाने और प्रतिभागी अधिकारियों को नए दृष्टिकोणों से लैस करने के लिए तैयार किया गया है, ताकि वे अपने भविष्य




के नेतृत्व की भूमिकाओं में व्यावहारिक, सही सूचना आधारित व संतुलित निर्णय ले सकें।

यह चर्चा दृष्टिकोण को व्यापक बनाने, संयुक्त समस्या-समाधान को प्रोत्साहित करने और वरिष्ठ नेतृत्व की बौद्धिक क्षमता को सशक्त करने में सहायक होगी। साथ ही, यह कार्यक्रम पेशेवर दक्षताओं को बढ़ाने, अंतर-सेवा संयुक्तता को सुदृढ़ करने और राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा की गतिशील चुनौतियों से निपटने के लिए भविष्य के योद्धाओं को तैयार करने में मुख्यालय आईडीएस की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

# जनसुराज 243 सीटों कैसे उतारेगा अपने उम्मीदवार? प्रशांत किशोर ने बनाया मास्टर प्लान

(जीएनएस)।

बिहार में विधानसभा चुनाव की आहट तेज हो चुकी है। सभी दल अपने-अपने स्तर पर चुनावी रणनीति में जुट गए हैं। ऐसे माहौल में सबसे ज्यादा चर्चा बटोर रही है प्रशांत किशोर की पार्टी जनसुराज। प्रशांत किशोर ने एक ऐसा मास्टर प्लान तैयार किया है, जिसके तहत पार्टी 243 सीटों पर उम्मीदवार उतारने की तैयारी कर रही है।

खास बात ये है कि टिकट बंटवारे का फैसला बंद कमरे में नहीं, बल्कि कार्यकताओं और स्थानीय जनता की राय के आधार पर होगा। यही रणनीति जनसुराज को बाकी दलों से अलग खड़ा करती है।

विधानसभा वार सम्मेलन से होगी शुरूआत

जनसुराज पार्टी ने सोमवार (22 सितंबर) से विधानसभा वार सम्मेलन की शुरूआत कर दी है। यह अभियान 26 सितंबर से लेकर 3 से 6 अक्टूबर तक चलेगा और इसमें राज्य के सभी 243 विधानसभा क्षेत्रों को कवर किया जाएगा। हर सम्मेलन में पार्टी के संस्थापक सदस्य, केंद्रीय पर्यवेक्षक, जिला प्रभारी और जिलाध्यक्ष मौजूद रहेंगे।

इस दौरान स्थानीय कार्यकताओं से लेकर बूथ, पंचायत और प्रखंड स्तर तक की इकाइयों से उस इलाके की राजनीतिक स्थिति पर फीडबैक लिया जाएगा।

टिकट बंटवारे का नया प्रयोग

जहां अन्य दलों में टिकट का



फैसला आलाकमान करता है, वहीं जनसुराज इसे पूरी तरह लोकतांत्रिक तरीके से करने का दावा कर रही है। उम्मीदवार चुनने से पहले कार्यकताओं से पूछा जाएगा कि कौन व्यक्ति चुनाव लड़ने की क्षमता और प्रभाव रखता है।

साथ ही उम्मीदवार की सामाजिक पकड़, लोकप्रियता और संगठन से जुड़ाव पर भी राय ली जाएगी। पार्टी प्रवक्ता सैयद मसीहउद्दीन के मुताबिक, जनसुराज का ये प्रयोग बिहार की राजनीति में एक "नवाचार" साबित हो सकता है।

पैक्स प्रतिनिधियों से मुलाकात

प्रशांत किशोर ने हाल ही में भोजपुर और बक्सर के करीब 300 पैक्स प्रतिनिधियों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने साफ कहा कि जब तक किसान और पैक्स प्रतिनिधि संगठित होकर अपनी समस्याओं की आवाज नहीं उठाएंगे, तब तक सरकार उनकी सुध नहीं लेगी। ढङ ने उन्हें हर स्तर पर एकजुट होकर दबाव बनाने की सलाह दी।

इस बैठक में केंद्रीय सहकारी बैंक भोजपुर के अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह के नेतृत्व में आए प्रतिनिधियों ने पीके को धान खरीद और पैक्स से जुड़ी कई परेशानियों से अवगत कराया। बैठक में पूर्व आईएएस और जनसुराज नेता एनपी मंडल और सहकारी नेता त्रिवेणी प्रसाद सिंह भी मौजूद रहे। दोनों नेताओं ने भी प्रतिनिधियों से अपनी समस्याओं को लेकर मजबूती से खड़े होने की अपील की।

ढङ का बड़ा दांव

जनसुराज की रणनीति साफ है- टिकट पाने का हक उन्हीं को मिलेगा, जिनके पक्ष में जमीनी कार्यकर्ता और स्थानीय लोग खड़े होंगे। इससे पार्टी उम्मीद कर रही है कि जनता का भरोसा बढ़ेगा और संगठन मजबूत होगा। प्रशांत किशोर का मानना है कि बिहार की राजनीति में बदलाव तभी संभव है, जब लोगों की भागीदारी केवल वोट देने तक सीमित न रहकर, टिकट तय करने तक भी पहुंचे।

बिहार चुनाव 2025 में जनसुराज का यह मास्टर प्लान कितना असरदार साबित होगा, ये तो आने वाला वक्त ही बताएगा। लेकिन एक बात तय है- 243 सीटों पर कार्यकताओं की राय से उम्मीदवार चुनने की यह पहल जनता के बीच चर्चा का विषय बन गई है। अब देखना होगा कि ढङ का यह "नवाचारी दांव" जनसुराज को चुनावी अखाड़े में कितना मजबूत करता है।

# फ्लाइट के लैंडिंग गियर में छिपकर अफगानिस्तान से 13 साल का लड़का पहुंचा दिल्ली, हैरान कर देगा पूरा मामला

(जीएनएस)।

दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय (IGI) हवाई अड्डे पर ऐसा मामला सामने आया है, जिसे सुनकर बॉलीवुड फिल्‍म की यादें ताजा हो गई जिसमें हीरो वीजा ना होने के कारण फ्लाइट के बाहर लैंडिंग गियर कंपार्टमेंट में बैठकर यात्रा करता है।

ठीक वैसे ही घटना रविवार सुबह इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय (IGI) हवाई अड्डे पर विमान के उतरने के बाद सामने आई। एक 13 साल का लड़का काबुल से दिल्‍ली आने वाली उड़ान में फ्लाइट के अंदर नहीं बल्कि बाहर लैडिंग्र गियर छिपकर दिल्ली पहुंचा।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, लड़के ने काबुल हवाई अड्डे के प्रतिबंधित क्षेत्र में प्रवेश किया और ङअट एयर की उड़ान फ्द्द-4401 के पिछले केंद्रीय लैंडिंग गियर कंपार्टमेंट में छिप गया। काबुल से उड़ान भरने के बाद, विमान लगभग दो घंटे की



यात्रा के बाद सुबह 11:00 बजे दिल्ली में उतरा।

विमान उतरने के बाद, एयरलाइन कर्मचारियों ने किशोर को विमान के पास घूमते देखा, जिसके बाद हवाई अड्डे की सुरक्षा को सतर्क किया गया। उत्तरी अफगानिस्तान के कुंदुज शहर का रहने वाला यह लड़का एयरलाइन स्टाफ द्वारा पकड़ा गया और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF) को सौंप दिया गया। उसे पूछताछ के लिए टर्मिनल 3 ले जाया गया।

पीटीआई रिपोर्ट के अनुसार, प्रारंभिक पूछताछ के दौरान, लड़के ने दावा किया कि वह सिर्फ जिज्ञासावश विमान में घुसा था और उसे इसमें शामिल जोखिमों की पूरी जानकारी नहीं थी। अधिकारियों ने पुष्टि की कि लड़के को उसी विमान से अफगानिस्तान वापस भेज दिया गया, जिसने रविवार को दोपहर 12:30 बजे दिल्ली से उड़ान भरी थी।

ङअट एयरलाइंस के सुरक्षा कर्मियों ने लैंडिंग गियर कंपार्टमेंट का गहन निरीक्षण किया और एक छोटा लाल स्पीकर बरामद किया, जिसके बारे में माना जा रहा है कि वह लड़के का था। अधिकारियों ने बताया कि व्यापक जांच, जिसमें तोड़फोड़-रोधी उपाय भी शामिल थे, के बाद विमान को सुरक्षित घोषित कर दिया गया।

# हाईवे पुलिस ने दबोचे अन्तर्राज्यीय टटलू : नकली सोने की ईंट देकर ठगे थे 6 लाख

**–नकली सोने की ईंट, दो पीतल के टुकड़े, अवैध हथियार और कार बरामद**

मथुरा (जीएनएस)। थाना हाईवे क्षेत्र स्थित मालगोदाम रोड़ से पुलिस ने दो अन्तर्राज्यीय टटलुओं को दबोच लिया। पकड़े गए शातिर, भोले-भाले लोगों को नकली सोने की ईंट देकर ठगी करते थे। जानकारी के अनुसार एसएसपी श्लोक कुमार के निर्देशन एवं एसपी सिटी राजीव कुमार सिंह के पर्यवेक्षण तथा सीओ रिफाइनरी श्वेता वर्मा के नेतृत्व में थाना प्रभारी हाईवे शैलेन्द्र सिंह, चौकी प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र मोनू कुमार और चौकी प्रभारी मंडी समिति चन्द्रवीर सिंह पुलिस टीम के साथ वांछित अपराधियों की धरपकड़ में लगे हुए थे। उसी दौरान उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि भोले-भाले लोगों को नकली सोने की ईंट का झांसा देकर ठगी करने वाले दो अन्तर्राज्यीय टटलू, किसी को ठगी का शिकार बनाने के लिए मालगोदाम रोड़ पर खड़े हुए हैं। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह, चौकी प्रभारी मंडी समिति चन्द्रवीर सिंह और चौकी प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र मोनू कुमार पुलिस टीम में आरक्षी मनोज



कुमार और सुनील कुमार आदि के साथ वहां पहुंच गए। पुलिस टीम को देखते ही शातिर टटलू वहां से भागने लगे। पुलिस टीम ने भागने का प्रयास कर रहे अन्तर्राज्यीय टटलू थलेश पुत्र स्व. मोहन निवासी भिडूकी थाना हसनपुर जिला पलवल (हरियाणा) और मोहम्मद असगर पुत्र दीन मोहम्मद निवासी भण्डारा थाना जुरैहरा जिला डीग (राजस्थान) को घेराबंदी करके दबोच लिया। पुलिस ने पकड़े गए शातिरों के कब्जे से एक नकली सोने की ईंट, दो नकली सोने के टुकड़े, 2 तमंचा, कारतूस और घटना में प्रयुक्त क्रेटा कार बरामद की है। बताते चलें कि विगत 12 अगस्त को एक पीड़ित ने थाना हाईवे पहुंच कर पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया था कि उसके पास एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन करके बताया कि वह राजस्थान से राहुल शर्मा बोल रहा है तथा उसे जानता है। शातिर टटलू को पीड़ित के बारे में पूरी जानकारी थी। उसने पीड़ित को बताया कि जेसीबी से खुदाई दौरान उसे सोने की ईंट मिली है तथा वह आधे दामों में उसे बेचना चाहता है। शातिर टटलू ने पीड़ित को बातों में फंसा लिया। इसके बाद विगत 12 सितंबर को पीड़ित को जयगुरूदेव मंदिर के पास बुलाकर उसे सोने की ईंट बताकर पीतल की ईंट देकर शातिरों ने 6 लाख रूपए ठग लिए। इसके बाद थाना प्रभारी ने शातिर टटलुओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके तलाश शुरू कर दी। उसी बीच थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह को मुखबिर से सूचना मिली कि शातिर टटलुओं ने पुनः पीड़ित से सम्पर्क करके मालगोदाम रोड़ से रेलवे स्टेशन पर बुलाया था। उसी दौरान पुलिस ने जाल बिछाकर शातिरों को दबोच लिया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करके जेल भेज दिया है।

# राजनीति के गलियारों में हलचल, कांग्रेस का कुनबा बढ़ा

**युवा नेता शान हुसैन सैकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस में शामिल,**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में इन दिनों सियासी सरगर्मी तेज है। इसी कड़ी में कांग्रेस पार्टी ने अपनी जमीन को और मजबूत करते हुए युवा और प्रभावशाली चेहरे शान हुसैन को पार्टी में शामिल किया है। शान हुसैन ने सैकड़ों की संख्या में अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस का दामन थामा, जिससे पार्टी में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है।

शान हुसैन को मुस्लिम समाज के युवाओं के बीच एक मजबूत पकड़ रखने वाला नेता माना जाता है। उनके कांग्रेस में शामिल होने से यह साफ जाहिर होता है कि पार्टी युवाओं को जोड़ने की अपनी रणनीति पर गंभीरता



से काम कर रही है। अमीनाबाद और गोलागंज वार्ड की जनता ने जिस तरह से भारी संख्या में उनका साथ दिया, वह उनके जनाधार को दशार्ता है। यह सिर्फ एक व्यक्ति का पार्टी में शामिल होना नहीं, बल्कि एक समुदाय और क्षेत्र का विश्वास कांग्रेस के प्रति बढ़ने का संकेत है।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने स्वयं शान हुसैन और उनके समर्थकों का पार्टी में स्वागत किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि शान हुसैन जैसे जुझारू और समर्पित युवाओं के आने से पार्टी को निश्चित रूप से मजबूती मिलेगी। पार्टी में शामिल होने के बाद शान हुसैन ने कांग्रेस नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि वह पार्टी के हर निर्देश का पूरी निष्ठा और ईमानदारी से पालन करेंगे।

शान हुसैन के इस कदम का गोलागंज वार्ड की जनता ने तहे दिल से स्वागत किया है। उनके समर्थकों का मानना है कि शान के आने से क्षेत्र में विकास कार्यों को गति मिलेगी और उनकी समस्याओं का समाधान होगा। इस सियासी कदम ने न सिर्फ कांग्रेस को एक नया चेहरा दिया है, बल्कि यह भी दिखाया है कि जनता अब बदलाव और नई उम्मीदों के साथ खड़ी है।

# अमरावती स्पोर्ट्स सिटी में उभर रहा आधुनिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स

**– बोर्ड ऑफ कंट्रोल फॉर क्रिकेट इन इंडिया (बीसीसीआई) सर्टिफाइड ट्रेनर्स और विभिन्न खेलों से जुड़े राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कोच दे रहे खिलाड़ियों को ट्रेनिंग**

**– अत्याधुनिक स्पोर्ट्स सिटी में क्रिकेट समेत विभिन्न खेलों से जुड़े प्रफेशनल खिलाड़ी ले रहे ट्रेनिंग**

खेल प्रतिभाओं को निखारने, शहरी जीवनशैली को साथ लाने और 6,000 परिवारों के लिए अमरावती लेकर आया है स्पोर्ट्स सिटी प्रोजेक्ट। सीतापुर - हरदोई बाईपास लखनऊ स्थित इस प्रोजेक्ट में 3-टियर व्यवस्था के साथ सुरक्षित इस गेटेड कम्युनिटी में सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। शहर की प्राइम लोकेशन पर स्थित यह कैंपस सीधी कनेक्टिविटी से जुड़ा है। यहां प्लॉट, अपार्टमेंट्स तथा विला के विकल्प उपलब्ध हैं। यहां मनोरंजन और स्पोर्ट्स ऐक्टिविटी को ध्यान में रखते हुए आधुनिक सुविधाएं तैयार की गई हैं, जो जिंदगी को एक नई दिशा देंगी। इतना ही नहीं बिजनेस में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए भी यहां एक अनुकूल वातावरण उपलब्ध है।



अमरावती ग्रुप के फाउंडर और अध्यक्ष श्री रजनीकांत मिश्रा ने बताया कि स्पोर्ट्स सिटी में आमजन को क्रिकेट, फुटबॉल, टेनिस, बास्केटबॉल, वॉलिबॉल, हॉकी, बैडमिंटन, स्केटिंग, स्विमिंग पूल, मल्टी युटिलिटी एरिया, योगा, कराटे, तायक्वॉन्डो और क्लब जैसी सुविधाएं होंगी। युवाओं में क्रिकेट के क्रेज को देखते हुए बॉक्स क्रिकेट की भी सुविधा दी गई है, जहां लोग ग्रुप में टेनिस बॉल संग बॉक्स क्रिकेट का आनंद उठा सकते हैं। इसके अलावा यहां बोर्ड ऑफ कंट्रोल फॉर क्रिकेट इन इंडिया (बीसीसीआई) सर्टिफाइड ट्रेनर समेत विभिन्न खेलों से जुड़े नेशनल और इंटरनेशनल लेवल के कोच उपलब्ध रहेंगे। इस अत्याधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और विशेषज्ञ कोचिंग से खिलाड़ियों को पेशेवर स्तर पर तैयारी करने में मदद मिलेगी। यहां मेंटर के रूप में इंटरनेशनल हॉकी प्लेयर प्रेम कुमार का मार्गदर्शन मिलेगा, जिन्होंने इंडियन रेलवेज हॉकी टीम और मलेशियन हॉकी लीग में बतौर कोच अपनी सेवाएं दी हैं। उनके साथ शिवांश शर्मा, हेड ऑफ एकेडमीज, जुड़े हैं, जो एक अनुभवी स्पोर्ट्स मैनेजमेंट प्रोफेशनल और राष्ट्रीय स्तर के क्रिकेटर रहे हैं। इसके अलावा, पूर्व रणजी खिलाड़ी और नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स (एनआईएस) गोल्ड मेडलिस्ट रवि कांत पांडेय हेड कोच की भूमिका निभा रहे हैं। वे बीसीसीआई सर्टिफाइड कोच हैं और सर्विसेज रणजी ट्रॉफी टीम के साथ काम कर चुके हैं।

अमरावती ग्रुप के फाउंडर और अध्यक्ष श्री रवि प्रकाश पाण्डेय ने बताया कि स्पोर्ट्स सिटी में उभरते हुए कोच भी खिलाड़ियों को नया दृष्टिकोण दे रहे हैं। इनमें एमपीएड की डिग्री प्राप्त अंकित कुमार हैं, जो कि पूर्व प्रोफेशनल क्रिकेटर रहे हैं और 3 से अधिक वर्षों का कोचिंग अनुभव रखते हैं।

# झुग्गी में रहने वाली माताओं को सलाम : शिक्षा से रोशन होंगे बच्चों के सपने

**–जस्टिस फॉर चिल्ड्रन एंड वूमेन सोसायटी की सराहनीय पहल**

**–संघर्ष के बीच भी बच्चों को पढ़ाने का संकल्प**

मथुरा (जीएनएस)। गरीबी और अभाव के बावजूद बच्चों की शिक्षा को प्राथमिकता देने वाली माताओं को सम्मानित करने के लिए जस्टिस फॉर चिल्ड्रन स्ट्रीट स्कूल निःशुल्क शिक्षा केन्द्रों द्वारा वृहद सम्मान समारोह एवं सहभोज का आयोजन किया गया। सैंकड़ों माताएं इस कार्यक्रम में शामिल हुईं एवं उन्हें सम्मानित किया गया। माताओं ने अपने बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने में जो साहसिक



प्रयास किए हैं, वह समाज के लिए प्रेरणास्पद हैं। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि आज यह माताएं अपने बच्चों के भविष्य के लिए संघर्ष कर रही हैं। इनकी मेहनत समाज में अज्ञानता और गरीबी के अंधेरे को मिटाकर ज्ञान और जागरूकता का दीप जलाएगी। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने जस्टिस फॉर चिल्ड्रन स्ट्रीट स्कूल निःशुल्क केन्द्रों द्वारा झुग्गी झोपड़ियों में निःशुल्क शिक्षा की इस पहल की सराहना की और व्यापारियों तथा समाज के सभी वर्गों से बच्चों की शिक्षा के लिए सहयोग की अपील की गई। इस मौके पर कहा कि झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाली माताओं को शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक करना और बच्चों की निःशुल्क शिक्षा की ओर समाज का ध्यान आकर्षित करना है। इसी के साथ माताओं के संघर्ष और योगदान को मान्यता देनी है। समाज में शिक्षा के प्रति सकारात्मक संदेश फैलाना, संघर्ष और समर्पण की मिसाल-माताओं को सम्मानित किया गया। इसके बाद सभी माताओं के साथ बैठकर सहभोज किया।

# श्रीकुब्जा कृष्ण मंदिर समेत क्षेत्र औरत मार्ग का नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण



श्रीकुब्जा कृष्ण मंदिर का निरीक्षण करते हुए नगर आयुक्त जग प्रवेश, विकास कार्यों की जानकारी देते हुए अपर नगर आयुक्त सौरभ सिंह।

मथुरा (जीएनएस)। ब्रजनगरी में राष्ट्रपति के आगमन को देखते हुए नगर आयुक्त जग प्रवेश ने सोमवार को महानगर के अंतापाड़ा क्षेत्र स्थित श्रीकुब्जा कृष्ण मंदिर के आसपास क्षेत्र और मार्ग का निरीक्षण किया। नगर आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान मंदिर से जुड़े मार्ग और मंदिर क्षेत्र की व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि जलभराव की रोकथाम के लिए महाप्रबंधक जल, मार्ग में किसी भी स्थान पर वॉटर लॉगिंग की स्थिति उत्पन्न न होने दें। इसके लिए कार्य योजना को अमली जामा पहनाएं। वहीं अधिशासी अभियंता निर्माण को निर्देश दिए कि मार्ग पर इंटर लॉकिंग और आवश्यक पेचवर्क समेत सभी निर्माण संबंधी कार्य शीघ्र पूर्ण किए जाएं। इसी के साथ उन्होंने उच्च कोटि की सफाई व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए हैं। इस दौरान अपर नगर आयुक्त सौरभ सिंह, महाप्रबंधक जल मोहम्मद अनवर ख्वाजा और अधिशासी अभियंता निर्माण अमरेंद्र गौतम समेत कर्मचारी मौजूद रहे।

# जहां-जहां से निकलेंगी राष्ट्रपति, वहां-वहां पूरे जोर से विकास कर रहा प्रशासन

**कमिश्नर, डीआईजी, डीएम और एसएसपी कर रहे अभेद्य सुरक्षा का इंतजाम**

मथुरा (जीएनएस)। श्रीकृष्ण की नगरी में भ्रमण पर आ रहीं राष्ट्रपति, जहां-जहां जाएंगी, वहां-वहां विकास की गंगा बह रही है। एक दिवसीय प्रवास पर आ रहीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के 25 सितंबर को प्रस्तावित आगमन को लेकर पुलिस-प्रशासन ने युद्धस्तर पर तैयारियां तेज कर दी हैं। राष्ट्रपति आगमन के दो दिन ही शेष बचे हैं। लगातार निरीक्षण के साथ ही उन मार्गों को भी दुरुस्त किया जा रहा है, जिनसे राष्ट्रपति का काफिला निकलेगा। नगर कोतवाली क्षेत्र में अंतापाड़ा स्थित परिक्रमा मार्ग पर बने कुब्जा श्रीकृष्ण मंदिर और श्रीकृष्ण जन्मभूमि के अलावा वृंदावन रेलवे स्टेशन का प्रशासनिक टीम के साथ गहन निरीक्षण किया गया। आगरा मंडलायुक्त शैलेंद्र कुमार सिंह, डीआईजी शैलेश कुमार पांडेय, डीएम चंद्र प्रकाश सिंह और एसएसपी श्लोक कुमार ने मंदिर पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं का निरीक्षण लिया। इस दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व पंकज वर्मा, एडीएम प्रशासन अमरेश कुमार और अपर नगर आयुक्त सौरभ सिंह समेत अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। सभी अधिकारियों ने मंदिर में पहुंचकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने पर जोर दिया। वहीं मंदिर के पुजारी आशीष चतुर्वेदी से भी चर्चा की गई और राष्ट्रपति के आगमन से पूर्व सभी तैयारियों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद मंडलायुक्त शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू आगामी 25 सितंबर को कुब्जा श्रीकृष्ण मंदिर, बांकेबिहारी मंदिर और श्रीकृष्ण जन्मभूमि में प्रभु के दर्शन करने के लिए आ रही हैं। इसके अलावा वह सुदामा कुटी भी जाएंगी। मंदिर और आसपास की व्यवस्थाओं को देखते हुए जो भी कमियां सामने आयीं हैं, उन्हें अधिकारी शीघ्र दुरुस्त कराने में लगे हुए हैं। मंडलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह ने अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश दिए कि सुरक्षा-व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वहीं आगरा रेंज डीआईजी शैलेश पांडेय ने कहा कि राष्ट्रपति के आगमन को देखते हुए सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। कहा कि मंदिर परिसर और मार्गों पर भारी पुलिस फोर्स की तैनाती की जा रही है। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर सुरक्षा में चूक नहीं होने दी जाएगी। बताया जा रहा है कि एक दो दिन में राष्ट्रपति भवन के अधिकारी भी स्थलीय निरीक्षण भी करने आ सकते हैं। डीएम चन्द्रप्रकाश सिंह के अनुसार राष्ट्रपति के स्वागत और दर्शन को लेकर सारी तैयारियां 24 सितंबर तक पूरी कर ली जाएंगी, जिससे कि 25 सितंबर को उनका दौरा बिना किसी बाधा के सकुशल संपन्न हो।

# वृंदावन पुलिस ने अवैध हथियार समेत एक बदमाश को पकड़ा

मथुरा (जीएनएस)। थाना वृंदावन क्षेत्र स्थित मल्टीलेविल पार्किंग के पास से पुलिस ने एक बदमाश को अवैध हथियार समेत गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी वृंदावन संजय पांडेय पुलिस टीम के साथ संदिग्धों की चेकिंग कर रहे थे। उसी दौरान उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि मल्टीलेविल पार्किंग के पास यशोदानन्दन गेट के अंदर गली में एक बदमाश अवैध हथियार लेकर खड़ा हुआ है।

सूचना मिलते ही थाना प्रभारी संजय पांडेय पुलिस टीम के साथ वहां पहुंच गए। पुलिस को देखकर भागने का प्रयास कर रहे बदमाश अर्जुन उर्फ आर्यन पुत्र भूपेन्द्र सिंह निवासी बसंत विहार कॉलोनी थाना क्वार्सी जिला अलीगढ़, हाल निवासी चामुण्डा कॉलोनी थाना वृंदावन को दौड़ाकर पकड़ लिया।

पुलिस ने पकड़े गए शातिर की तलाशी ली तो उसके कब्जे से एक तमंचा और कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करके जेल भेज दिया है।

# आज से तीन दिन तक पूरा जनपद रहेगा नो-फ्लाईंग जोन : डीएम ने जारी किए आदेश

मथुरा (जीएनएस)। योगीराज भगवान श्रीकृष्ण की नगरी में एक दिवसीय प्रवास पर आ रहीं राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के आगमन से पूर्व आज से ही डीएम ने पूरे जनपद को नो फ्लाईंग जोन घोषित कर दिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए डीएम चन्द्र प्रकाश सिंह ने बताया कि आगामी 25 सितंबर को राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु, नई दिल्ली से स्पेशल ट्रेन द्वारा छटीकरा रेलवे स्टेशन आएंगी। इसके बाद वह जादौन कार पार्किंग से श्रीबांकेबिहारी मंदिर में दर्शन व पूजन करके निधिवन भ्रमण से वापस जादौन कार पार्किंग से कार्यक्रम सुदामा कुटी और इसके बाद होटल रेडीसन पहुंचेंगी। डीएम ने बताया कि इसके बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, होलीगेट के पास अंतापाड़ा में श्रीकुब्जा कृष्ण मन्दिर में दर्शन करने पहुंचेंगी और यहां से श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर में दर्शन एवं पूज-अर्चना करने के बाद मथुरा जंक्शन से स्पेशल ट्रेन द्वारा दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति को विभिन्न आतंकवादी संगठन और देश विरोधी शक्तियों से खतरा है और इसी के साथ विभिन्न विरोधी राजनैतिक विचारधारा, समूहों द्वारा गुब्बारों, ड्रोन व पतंग आदि के माध्यम से विरोध किए जाने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। इसलिए आज (मंगलवार) से राष्ट्रपति के प्रस्थान तक सम्पूर्ण जनपद को नो-फ्लाईंग जोन घोषित किया गया है।

# महिला विशेष सृजन में पुरुष कवि लापता

यू पी प्रेस क्लब व उ प्र साहित्य सभा द्वारा 161 वां सृजन सम्मान समारोह आज नवरात्रि महिला विशेष मनाया गया। आज महिला साहित्यकारों का सम्मान एवं सिर्फ कवियत्रियों ने ही काव्यपाठ किया।

राष्ट्रगान के साथ प्रारम्भ हुए समारोह में रविन्द्र सिंह, हसीब सिद्दीकी, सर्वेश अस्थाना व शिवशरण सिंह ने

सृजन हिंदी सम्मान- श्रीमती शीतल बाजपेयी

सृजन उर्दू सम्मान- डॉ सबा बलरामपुरी



को सृजन सम्मान से सम्मानित किया। डॉ सुधा मिश्रा के संयोजन व संचालन में वर्षा श्रीवास्तव की वाणी वंदना से शुरू हुए काव्य समारोह में निधि बाजपेई (कानपुर), जहाँ आरा, मनोरमा श्रीवास्तव, रश्मि शरद(हरदोई), रेनु सिंह, डॉ सुरभि सिंह ममता पंकज, रश्मि सिन्हा, निशा नवल, रेनु द्विवेदी ने काव्यपाठ किया।

इस अवसर पर वरिष्ठ सर्जन डॉ रुद्रमणि, वरिष्ठ कवि राजीव वर्मा वत्सल, पंकज प्रसून, डॉ अवधी हरि, डॉ सुभाष रसिया, निर्भय निश्छल आदि ही विशेष रूप से उपस्थित थे।

चूंकि आज सृजन नवरात्रि विशेष में सिर्फ महिलाओं का काव्यपाठ था इसलिए श्रोताओं के रूप में आमन्त्रित पुरुष साहित्यकारों की उपस्थिति बहुत ही कम रही। इस बात पर सृजन के संस्थापक सर्वेश अस्थाना ने ठहाकों के साथ पुरुषों की मानसिकता पर खूब चुटकियां ली।

# मोटोरोला ने फ्लिपकार्ट बिग बिलियन डेज पर अपनी फेस्टिव सेल शुरू की

नई दिल्ली। मोबाइल टेक्नोलॉजी में ग्लो बल लीडर और भारत के अग्रणी एआई स्मार्टफोन ब्रांड, मोटोरोला फ्लिपकार्ट की बिग बिलियन डेज सेल 2025 के दौरान बिगबिलियनमोटोरश के साथ अपना सबसे पावरफुल और स्टाफइलिश लाइन-अप लेकर आ रहा है। ये सभी स्मार्टफोन अविश्वसनीय दामों पर उपलब्ध होंगे। दुनिया के सबसे शानदार एआई-पावर्ड मोटोरोला एज 60 पीआरओ और मोटोरोला एज 60 फ्यूजन से लेकर बेस्टसेलिंग मोटो जी सीरीज स्मार्टफोन्स तक, और आइकॉनिक मोटोरोला रेजर 60 सीरीज तक, मोटोरोला इस सीजन में त्योहारी शॉपिंग को आनंददायक बनाने के लिए तैयार है। यह सेल फ्लिपकार्ट पर आज रात 12 बजे से लाइव हो गई है। सभी डिवाइसेस सेल की अवधि के दौरान आकर्षक बिग बिलियन डेज दामों पर उपलब्ध होंगे। इस बिग बिलियन डेज में मोटोरोला एज 60 प्रो 8 प्लस 256जीबी, जिसकी मूल कीमत 29,999 रुपये है, अब केवल 24,999ह्न रुपये में उपलब्ध है, जो इसे




एक शानदार फ्लैगशिप डील बनाता है। मोटोरोला एज 60 फ्यूजन बिग बिलियन डेज का सबसे शानदार ऑल-राउंडर स्मार्टफोन है, जो 20,000 रुपये से कम में उपलब्ध है। इसमें दुनिया का सबसे शानदार 1.5के ट्रू कलर क्वॉ ड-कर्व्ड डिस्प्ले है, जो पैनटोन वैलिडेटेड है, यह 4500निट्स पीक ब्राइटनेस, 96.3 प्रतिशत स्क्रीन-टू-बॉडी रेशियो, और गोरिल्ला ग्लाबस 7आई प्रोटेक्शन के साथ आता है। मोटो जी96 5जी, जिसे 15,000 रुपये से कम कीमत में पेश किया गया है, इस सेगमेंट का सबसे बेहतरीन ऑल-राउंडर स्मार्टफोन, है। यह जी सीरीज में सेगमेंट के पहले फीचर्स लाता है, जिसमें सेगमेंट का एकमात्र 144हट्र्ज 6.67 इंच पोलेड कर्व्ड डिस्प्ले शामिल है। मिड-रेंज पावर और एंड्योरेंस को फिर से परिभाषित करते हुए, मोटो जी86 पावर उन लोगों के लिए बनाया गया है जो ब्राइट डिस्प्ले और लंबे समय तक चलने वाली बैटरी की तलाश में रहते हैं। इसमें सेगमेंट का सबसे चमकदार 6.67 इंच 1.5के पोलेड सुपर एचडी डिस्प्ले है, मोटोरोला रेजर 60 अपनी सेगमेंट में भारत का सबसे कूल और स्टाइलिश फ्लिप है और यह उन क्रिएटर्स के लिए बनाया गया है जो इनोवेशन, स्टाइल, और ड्यूरैबिलिटी की तलाश करते हैं। यह फ्लिप फोन पर दुनिया का पहला जेस्चर-कंट्रोल्ड वीडियो रिकॉर्डिंग पेश करता है, 8$256जीबी वैरिएंट की फेस्टिव बिग बिलियन डेज कीमत 39,999ह्न रुपये (पहले 49,999 रुपये) है। इसमें 10,000 रुपये की सीधी छूट दी गई है। स्मार्टफोन्स के साथ, मोटोरोला अपने इकोसिस्टम उत्पादों पर भी रोमांचक बिग बिलियन डेज ऑफर दे रहा है। मोटो बड्स लूप (स्वारोस्की एडीशन) अब त्योहारी कीमत 9,999 रुपयेह्न पर उपलब्ध हैं, जबकि मोटो बड्स लूप और मोटो बड्स बास क्रमशः केवल 5,999 रुपयेह्न और 1,999 रुपयेह्न में मिल सकते हैं।

# कोर्ट में विचाराधीन जमीन पर दबंगों का धावा, पुलिस की कार्रवाई पर उठे सवाल!

राजधानी लखनऊ में कानून का राज कैसे बेबस है, इसकी एक बानगी गाजीपुर थाना क्षेत्र के मुंशी पुलिया इलाके में देखने को मिली। एक जमीन का मामला न्यायालय में विचाराधीन होने के बावजूद, दबंगों ने न सिर्फ उस पर कब्जा करने की कोशिश की, बल्कि पुलिस के सामने भी अपनी मनमानी जारी रखी।

मामले का मुख्य किरदार राजाराम नामक व्यक्ति है, जिसने अपने वकील और आधा दर्जन लोगों के साथ मिलकर, एक महिला की दुकान को जबरन खाली कराने का प्रयास किया।

यह विवाद 13 सितंबर को शुरू



हुआ, जब राजाराम ने मुंशी पुलिया चौकी पहुंचकर, चौकी इंचार्ज अभिषेक पांडे के सामने, महिला पर दबाव बनाया। पांडे ने जब अदालत का आदेश मांगा, तो राजाराम के पास कोई जवाब नहीं था और उसे वापस लौटना पड़ा।

लेकिन, दबंगों के हौसले पस्त नहीं हुए। 25 सितंबर को, वे फिर से दुकान पर पहुंचे और तोड़फोड़ शुरू कर दी। पीड़िता ने तुरंत डायल 112 पर मदद मांगी, लेकिन जो पुलिस टीम मौके पर पहुंची, उसने कार्रवाई करने के बजाय पीड़िता को ही दुकान खाली करने का आदेश दिया।

जब चौकी इंचार्ज पांडे खुद मौके पर पहुंचे, तो उनकी सख्ती देखकर राजाराम और उसके साथी फरार हो गए। हालांकि, इस बीच दुकान में हुई तोड़फोड़ पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसी का नतीजा था कि शाम होते-होते, राजाराम अपनी हिम्मत जुटाकर गोमती नगर से डायल 112 की एक और टीम के साथ वापस आ गया।

इस बार भी, जब पुलिस को पता चला कि मामला कोर्ट में है, तो उन्होंने सिर्फ हिदायत देकर उन्हें वापस भेज दिया। पीड़ित महिला को अब भी जानलेवा हमला और लूटपाट का डर सता रहा है। यह घटना दशार्ती है कि जब कानून और व्यवस्था को लागू करने वाले ही लापरवाह हो जाएं, तो आम नागरिकों के लिए न्याय पाना कितना मुश्किल हो जाता है।